>

Title: Presentation of 1st, 2nd, 3rd and 4th report of the Committee on Petitions.

**डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):** महोदय, मैं याचिका समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

(1) शिक्षा के मौलिक अधिकार और इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अधिनियम, 1985 के कथित उल्लंघन तथा उससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में डॉ. अमित कंसल से प्राप्त अभ्यावदेन के बारे में पहला प्रतिवेदन।

(2) हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग/लोक उद्यम विभाग(डीओपीटी/डीपीई) के दिशानिर्देशों के कथित उल्लंघन के बारे में श्री सुरेश सी. अंगड़ी संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा अग्रेषित श्री डी.शिवमूर्ति के अभ्यावेदन के बारे में याचिका समिति (16वीं लोक सभा) द्वारा अपने 48वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में दूसरा प्रतिवेदन।

(3) हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसीएल), रांची के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बकाया राशि का भुगतान न किए जाने के बारे में श्री राम टहल चौधरी, संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा अग्रेषित श्री मधुबन यादव और अन्य के अभ्यावेदन के बारे में याचिका समिति (16वीं लोक सभा) द्वारा अपने 57वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में तीसरा प्रतिवेदन।

(4) नैनीताल बैंक लिमिटेड-बैंक ऑफ बड़ौदा की एक अनुषंगी कंपनी के डिजिटल वेंचर के बहाने प्रस्तावित विक्रय के बारे में सुश्री निशा कामत और नैनीताल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों के अभ्यावेदन के बारे में याचिका

समिति (16वीं लोक सभा) द्वारा अपने 59वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में चौथा प्रतिवेदन।

-